हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

8 टुल्लू पंप लगाकर पानी खींच रहे लोगों से 26 पंप जब्त किए



10 घर-घर हुई संत शिरोमणि मां कर्मा की पूजा, लगाया खिचड़ी का भोग




# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

**भिलाई।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887




Advt


## खबर संक्षेप

### विमल बने ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड क्षेत्र अंतर्गत भैंसमंडी में ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विमल कुमार ध्रुव को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्षद्वय तीरथराम साहू, घनश्याम साहू, सचिव विक्रम कोसरिया, सहसचिव हुकुमचंद सेन, कोषाध्यक्ष सुखदेव राम साहू, अंकेक्षक बोधनराम साहू, ज्ञानिक देवांगन, संरक्षक घनश्याम साहू पूर्व अध्यक्ष, खिलावन साहू, गोविंद साहू, लेड़गाराम ध्रुव चुने गए।

### प्रवेश परीक्षा 18 मई को

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 18 अप्रैल तक निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 18 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय में आयोजित की जायेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा नगरी विकासखण्ड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में ऑनलादन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। परीक्षा संबंधी सभी जानकारी राज्य की वेबसाईटसे प्राप्त की जा सकती है। आदिवासी विकास विभाग के कक्ष क्रमांक 89 में संबंधित शाखा प्रभारी से भी जानकारी ले सकते हैं।

### श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 10 को

**धमतरी।** श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 10 अप्रैल को शाम 5 बजे से महाविद्यालय भवन पुराना जनपद भवन में रखा गया है



जिसमें वरिष्ठ संगीतज्ञ एवं वायलिन वादक कीर्ति माधव व्यास भिलाई संगीत चर्चा और वायलिन वादन प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन वादन एवं नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम का निर्देशन रविकांत गजेन्द्र, दीपाली कलिहारी, चमन दास साहू, देवेंद्र प्रताप एवं भोजराज साहू कर रहे हैं। संचालन रंगकर्मी आकाशगिरी गोस्वामी करेंगे। यह जानकारी विरेन्द्र साहू प्राचार्य श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय ने दी है।

समस्याओं के कारण पांच माह बाद भी पूरा चावल नहीं हो पाया जमा

# चावल गोदाम फुल, नहीं लग रहा रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले की राइस मिलों की मिलिंग क्षमता इतनी है कि ढाई माह में ही वे कस्टम मिलिंग निबटाकर चावल जमा कर सकते हैं लेकिन समस्याओं के कारण आज पांच माह बाद भी कस्टम मिलिंग का पूरा चावल जमा नहीं हो पाया है। चावल गोदाम फुल हो गए हैं। रैक भी ढंग से नहीं लग रहा है। गोदामों में राइस मिलर्स का चावल जमा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में राइस मिलर्स की समस्या बढ़ गई है।

धमतरी जिला धान का कटोरा कहलाता है। यहां बम्पर धान का उत्पादन होता है। यही नहीं यहां पर राइस मिलों की संख्या भी काफी अधिक है। जानकारी के अनुसार इस साल कस्टम मिलिंग के लिए 224 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है। इस राइस मिलों की मासिक मिलिंग क्षमता 2 लाख 62 हजार 336 टन है। जबकि जिले में इस साल 6 लाख 10 हजार 739 टन धान की खरीदी हुई है। सभी मिल पूरी क्षमता से काम करे तो ढाई माह में ही जिले में खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग कम्पलीट हो सकती है लेकिन कुछ न कुछ समस्याओं के चलते आज पांच माह बाद भी कस्टम मिलिंग पूरी नहीं हो पाई है। अब तो समस्या और बढ़ गई है। जिले के सभी चावल गोदाम पैक हो गए हैं। इन गोदामों में चावल रखने के लिए थोड़ी भी जगह नहीं है। ऐसे में मिलर्स मिलिंग के बाद खुद के गोदामों में चावल स्टोर करके रख रहे हैं।

#### रैक नहीं मिलने से गहराई समस्या

चावल गोदामों से चावल को रैक के जरिए बाहर भेजा जाता है। रैक लगने से चावल गोदाम खाली होते हैं और इन खाली जगहों में राइस मिलर्स चावल जमा करते है। विडंबना यह है कि वर्तमान में ढंग से रैक नहीं लग रहा है जिसके कारण चावल गोदाम खाली नहीं हो पा रहे हैं। एक रैक में 16 लाट चावल जाता है। ऐसे में रैक लगने के बाद 16 राइस मिलर्स का ही चावल जमा हो पा रहा है। राइस मिलर्स बारी-बारी से चावल जमा कर रहे हैं।

#### सरकार गेहूं के परिवहन में व्यस्त

अब दूसरे प्रदेशों में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी चल रही है। ऐसे में सरकार गेहूं को खरीदने और उसके परिवहन में ज्यादा ध्यान दे रही है, ताकि नुकसान न हो। इस चक्कर में चावल का परिवहन काफी प्रभावित हुआ है। पहले जितना चावल का रैक लगता था, अब उसका 25 प्रतिशत रैक ही लग पा रहा है। उधर राइस मिलर्स के गोदाम भी फुल हो गए हैं। स्थिति की नजाकत को देखते हुए राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए मिले धान को फ्री सेल में खपा रहे हैं। बाद में धान खरीदकर वे सरकारी गोदामों में चावल जमा करेंगे।

# तूफानी हवाओं के साथ गरजेगा बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- कहीं हल्की वर्षा तो कहीं ओलावृष्टि होगी
- गर्मी से मिलेगी राहत, 3 से 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान

मौसम का मिजाज फिर बदलने जा रहा है। हिट वे की वजह से नमीयुक्त हवाएं प्रदेश में आने लगी हैं। आगामी दो दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इस दौरान मध्य छत्तीसगढ़ तथा बस्तर क्षेत्र में हल्की वर्षा, गरज चमक के साथ बिजली, अंधड़, ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका पूर्व विदर्भ से आंतरिक कर्नाटक तमिलनाडु होते हुए कोमोरिन क्षेत्र तक समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। इसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा, ओलावृष्टि तथा 30 से 40 किमी की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है।

#### प्रति एकड़ 29 हजार लीटर पानी का वाष्पीकरण

मौसम विज्ञान के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के कई जिले में हिट वे की कंडीशन बनी हुई है। तापमान 40 डिग्री के ऊपर जाने पर उसे हिट वे कंडीशन के अंदर रखा जाता है। तापमान बढ़ने से खाड़ी से नमी पहुंचने लगती है। बादलों का जत्था छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। 7 अप्रैल तक यह बादल छत्तीसगढ़ में पहुंचकर चक्रवात का रूप ले लेगा। 8, 9 अप्रैल को हल्की बारिश, अंधड़, ओलावृष्टि, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 40 तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास है। दो दिन बाद तापमान अधिकतम 37 तथा न्यूनतम 24 डिग्री पर आ सकता है। वर्तमान में वाष्पीकरण की दर 7.3 मिमी है यानी 29200 लीटर पानी प्रति एकड़ वाष्पीकरण हो रहा है।

### झिरिया परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

झिरिया परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ग्राम दोनर साहू भवन में रखी गई है। इस अवसर पर मां कर्मा बैंक, वार्षिक आय- व्यय व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों ने सामाजिकजनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।


**पाठक सूचना**


धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# पावर कट कर चोर ने नकदी व जेवर पार किया

- ग्राम तरसींवा के एक सूने मकान में दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



चोर ने चोरी करने का अनोखा तरीका अपनाया। पहले तो सूने मकान की बत्ती गुलकर अंधेरा किया। उसके बाद मकान के भीतर घुसकर नकदी व सोने के जेवरों की चोरी कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी चंद्रकांत साहू ने रिपोर्ट कराई है कि 3 अप्रैल की दोपहर वह शोक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित ग्राम सियादेही-कुकरेल निवासी चाचा तोषण साहू के घर गया था। 4 अप्रैल की सुबह तरसींवा से चाचा सेवकराम ने फोन करके बताया कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरे के भीतर सामान बिखरा पड़ा है। घटना की जानकारी होते ही परिवार सहित तत्काल वापस घर तरसींवा पहुंचा। वहां घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरे में सामान व कपड़े बिखरे पड़े थे। दिवान के भीतर रखे 1 नग सोने का गुलबंद, एक जोड़ी झुमका, दो जोड़ी ईयरिंग, एक जोड़ी बाली, नथनी दो नग, सोने का लाकेट, चांदी की पायल तीन जोड़ी सहित अन्य सामान व मूर्ति एवं पेटी में रखी नकदी व बैग गायब था। बैग व पेटी में 20 हजार नकद था। शिकायत पर अर्जुनी थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने कुल 95 हजार की नकदी व जेवर की चोरी का मामला दर्ज किया है, लेकिन मकान से 4 लाख से अधिक की चोरी किया जाना बताया जा रहा है।

#### पेटी व बैग को खेत में फेंका

ग्राम तरसींवा के सूने मकान में हुई चोरी में चोर ने अनोखा तरीका अपनाते हुए वारदात से पहले घर की बत्ती गुल कर दी। उसके बाद अंधेरे में मकान में प्रवेश कर कमरे में रखे आलमारी व दिवान से नकदी व जेवरों की चोरी कर ली। चोर खाली पेटी व बैग को खेत में फेंक नकदी लेकर भाग गये।

### खरेंगा मार्ग में ई-रिक्शा पलटा, सवार घायल



**धमतरी।** खरेंगा मार्ग से होते हुए देवपुर जा रही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में सवार चार लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार विंध्यवासिनी वार्ड निवासी बुधराम साहू के घर उसका समधी देवपुर निवासी आया था। शुक्रवार की दोपहर बुधराम मोहल्ले के राजू निषाद, अजय निषाद व चोटी के साथ अपनी ई-रिक्शा से समधी को छोड़ने के लिए उसके गांव देवपुर जाने के लिए निकला था। खरेंगा मार्ग से गुजर रही ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायलों की मदद करते हुए संजीवनी 108 को सूचना दी। एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई।

एकलव्य खेल परिसर बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

# उपेक्षा का शिकार हुआ नगर का प्रमुख मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर का प्रमुख खेल मैदान अव्यवस्था से जूझ रहा है। एकलव्य खेल मैदान में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर के जागरुक नागरिकों ने कलेक्टर तथा निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

रामबाग विंध्यवासिनी वार्ड निवासी लोकेश गजेंद्र, राजा जाचक, कौशलकुमार, नीरज रणसिंह, शशि शेखर आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि शोभाराम देवांगन शासकीय हाईस्कूल स्थित एकलव्य खेल मैदान में नगर के लोग सुबह-शाम मार्निंग वॉक करने पहुंचते हैं। बच्चे, युवा खेलने तथा शारीरिक श्रम भी करते हैं। मैदान का बीच वाला भाग गड्ढा है। इसमें बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाता है। समतलीकरण कर किप ग्रास लगाने से मैदान हरा-भरा हो जाएगा। राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान होने वाले परेड यार्ड में पेवर टाईल्स लगाकर फलुवेंट फुटपाट का निर्माण करने से समस्याओं का स्थाई निदान होगा। मैदान में चारों ओर घूमने के लिए पॉथवे का निर्माण होने से यहां स्वास्थ्य लाभ लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी।

मैदान में विद्युत व्यवस्था की आवश्यकता है। मैदान में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हमेशा रहता है। युवाओं को यहां शराब, गांजा, बीड़ी, सिगरेट, बीयर सहित घातक नशा करते देखे जा सकता है। मैदान में आए दिन शासकीय, गैरशासकीय कार्यक्रम होते रहते हैं। मैदान में गंदगी फैला दी जाती है। मैदान में दैनिक सफाई की आवश्यकता है। कैम्पस में लगे सभी चार गेट को समय पर खोला एवं बंद किया जाए जिससे चारचक्का एवं भारी वाहनों का आवागमन बंद हो सके। आवेदकों ने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।




**खबर संक्षेप**



## प्राचार्य ने रक्तदान कर मतदान के लिए किया जागरूक

**मगरलोड।** शासकीय हाईस्कूल बोडरा में पदस्थ प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने पिछले दिनों एक जरूरतमंद को रक्त देकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए अपने अधिकार का उपयोग करें। मतदाता बिना किसी भय और निष्पक्ष मतदान करें। प्राचार्य मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदान विषय पर कविता लेखन कर सोशल मीडिया में पोस्ट भी कर रहे हैं।

## मौरीकला में साहू समाज का सम्मेलन 7 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में ग्रामीण साहू समाज स्तरीय वार्षिक सम्मेलन 7 अप्रैल को रखा गया है। कलश यात्रा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जय मां जानकी धुमाल ग्रुप मौरीकला के साथ निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज होंगे। अध्यक्षता रघुनंदन साहू पूर्व जिपं अध्यक्ष धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, राधेश्याम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुरूद, सुमन संतोष साहू सभापति जिपं धमतरी, पुरानिक साहू, विश्वनाथ साहू पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद, तामेश्वरी साहू जनपद सदस्य नारी, पोखराज साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी, रेलहा राम साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी होंगे। संगी जहुरिया फाग मंडली छिपली मगरलोड की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी पवन साहू ने दी है।

### कोर्रा में पकड़ी गई पानी चोरी, तीन पंच भी शामिल

# टुल्लू पंप लगाकर पानी खींच रहे लोगों से 26 पंप जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में सरकारी नल कनेक्शन से टुल्लू पम्प के जरिए पानी खींचने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। गर्मियों में सभी को समान रूप से पेयजल मिले और किसी को भी पानी की दिक्कत न हो, इसके मद्देनजर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये हैं।

गुरुवार 4 अप्रैल को कुरुद विकासखण्ड के ग्राम कोर्रा में दल द्वारा 26 टुल्लू पम्प जब्त किये गये। ग्राम पंचायत कोर्रा के सचिव किशन पटेल, रोजगार सहायक रानू साहू, कोटवार किशोर कमड़े, पंचायत कर्मचारी चूड़ामणि साहू, सुमित साहू, शशिकांत साहू ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम कोर्रा के कई घरों में टुल्लू पंप के जरिए सरकारी नल कनेक्शन के जरिए पानी लेते पाया गया। दल द्वारा टुल्लू पंप का उपयोग बंद करने लोगों को प्रारंभिक समझाइश दी गई।



बता दें कि ग्राम कोर्रा में पेयजल आपूर्ति के लिए 6 मोटरपंप से पानी सप्लाई की जाती है।टुल्लू पम्प की मदद से ग्रामीणों द्वारा सरकारी पाइपलाइन से पानी लिया जाता है, जिसके कारण अन्य घरों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी चोरों की वजह से सभी घरों में समान रूप से पानी नहीं पहुंच पाता है।

**इन लोगों पर हुई कार्रवाई**

टुल्लू पंप से पानी लेने वाले कोर्रा के वार्ड क्रमांक 7 से सुनीता कमड़े, वार्ड 8 से राजेश साहू, वार्ड 9 से खोमन साहू वार्ड पंच भी शामिल हैं। छेदन साहू, आशीष साहू, दिहुर साहू, टुकेश्वर साहू, तरुण साहू, लोचन साहू, रूपराम साहू, प्यारे साहू, कमल किशोर सेन, देवानंद साहू, गुलशन साहू, प्रताप साहू, प्रद्युमन साहू, शीबा शरद, भुवन साहू, भोजराज साहू, अरुण साहू, सोहन साहू, नंदू साहू, चुनेश्वर सेन, तिहार सेन, अरुण साहू के घरों से टुल्लू पंप जप्त कर सचिव किशन पटेल द्वारा कार्रवाई की गई है।

# भक्त मां कर्मा सेवा, त्याग व समर्पण की देवी : मालकराम



■ कर्मा जयंती पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज ने सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ नगर साहू समाज कुरुद द्वारा भक्त कर्मा माता जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल कुरुद में मरीजों को फल वितरण कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष मालक राम साहू ने कहा कि मां कर्मा सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी थी जिन्होंने तेली समाज को गौरवान्वित किया है। आज हम सब उनके वंशज हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर, उनके आदर्श को आत्मसात किया जिससे साहू समाज का नाम पूरे विश्व में विख्यात है। जिला साहू समाज पूर्व उपाध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि माता कर्मा साहू समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। नगर साहू समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर क्षितिज कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा द्वारा बनाई गई खिचड़ी ने जन मानस को प्रफुल्लित कर दिया।

इस अवसर पर नगर साहू समाज अध्यक्ष रामप्यारे साहू, सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, कृष्णकांत साहू, गोकुल साहू, कुरूद बीएमओ डॉक्टर यूएस नवरत्न, डॉक्टर देवांगन, युगलकिशोर साहू, संजय साहू, दीपेश साहू, नोगेन्द्र साहू, पुष्पेन्द्र साहू, सोमप्रकाश साहू, मनोज साहू, नरेंद्र साहू, हरिशंकर साहू, लीलेश्वर साहू, चित्रसेन साहू, राधिका साहू, कीर्ति साहू, ललिता साहू, गुंजन साहू, बबली साहू, लुकेश साहू, धनसिंह, ओमन सिंह साहू, गीतेश साहू, भूपेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# रावनगुड़ा में भक्त माता कर्मा की हुई पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम रावनगुड़ा में 5 अप्रैल को साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। माता कर्मा के छायाचित्र पर गुलाल, चंदन लगाकर एवं माल्यार्पण करते हुए पूजा आरती की गई। सामाजिक बंधुओं ने मां कर्मा से सुख शांति की कामना की।

मौके पर अमरसिंग, आकाश साहू, नवीन प्रकाश साहू, शीतल साहू, मोहन, सुरीत साहू, दशरथ साहू, राधेलाल साहू, गुमान साहू, जीवन साहू, खुमेन्द साहू, चुमेन्द साहू, प्रमोद साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# पीली साड़ी पहनकर सैकड़ों महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

■ जोरातराई में हर्षोल्लास से मनाई गई मां कर्मा की 1009वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्रामीण साहू समाज जोरातराई द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर कर्मा भवन में सभी स्वजातीयजनों ने सबसे पहले मां कर्मा और जगन्नाथ स्वामी की आरती की। तत्पश्चात कलशयात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सहित समस्त स्वजातीयजनों ने ढोल-बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा पश्चात मंचीय कार्यक्रम में मां कर्मा और भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पित किया गया। अतिथियों द्वारा मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद सभी को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए अमर ज्योति नाचा पार्टी कोल्हापदर का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सविता गंजीर, ग्रामीण अध्यक्ष ईशु साहू, ग्रामीण पदाधिकारीगण तेजराम साहू, दयालु राम साहू, दानीराम साहू, चोवाराम गंजीर, पीलू राम साहू, हेमन्त साहू, छबिलाल साहू, भानु साहू, बसंत साहू, भूपेंद्र, रत्तीराम, हिरामन साहू, सुदर्शन साहू, सुरेश साहू, दिलीप साहू, माधुरी साहू, गीतेश्वरी साहू, पंचगण टोप सिंह साहू, लोकनाथ साहू ग्रामीण पटेल, खेमलता साहू, सुनीति साहू, रेशमा साहू, इंद्राणी साहू, समाज सेवक झंकेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ के डागेश साहू, राजकुमार, विनोद साहू, डोमन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सांकरा में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम सांकरा में इस वर्ष भी ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1008 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ माता कर्मा की आरती से हुआ। तत्पश्चात गांव में कलश यात्रा निकाली गई। साहू समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर बाजे-गाजे के साथ के मां कर्मा के जयकारे लगाते हुए पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर जन्मेजय साहू, पवन साहू, साधुराम साहू, पारस साहू, हेमलाल साहू, योगेंद्र साहू, इंदुमती साहू, सुनीता साहू, विमला साहू, खेमीन साहू, सुशीला बाई साहू, जयप्रभा साहू, रामबाई साहू, फुलेश्वरी साहू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# उमरगांव परिक्षेत्रीय साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती, निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

उमरगांव परिक्षेत्रीय साहू समाज घटुला के ग्रामीण साहू सदन उमरगांव में मां कर्मा की जयंती मनाई। उमरगांव की गलियों में कलश शोभायात्रा निकाली गई। सामाजिक भवन में मां कर्मा की आरती की गई। खिचड़ी का भोग लगाया गया। अतिथियों ने मां कर्मा की महिमा का बखान किया।

इस अवसर पर पुनीतराम साहू तहसील साहू समाज अध्यक्ष, सुरेश साहू परिक्षेत्रीय घटुला अध्यक्ष, धनीराम साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष, गणेश राम साहू संरक्षक, ईश्वर पटेल जनपद सदस्य, राजू सोम सरपंच घटुला, सुरेश मरकाम सरपंच उमरगांव, राधेलाल साहू, वासुदेव साहू, मुरली साहू, बबीता साहू, भुनेश्वरी साहू, हेमवती साहू, जैन बाई साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया।

## सिर्री स्कूल में वार्षिक परीक्षा जारी



**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में वार्षिक परीक्षा 1 अप्रैल सोमवार से शुरू हो चुकी है। कक्षा 6 वीं के छात्र-छात्राएं अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत तथा 7 वीं के बच्चे संस्कृत, गणित, हिंदी , विज्ञान और 8 वीं के छात्र-छात्राएं गणित, संस्कृत, विज्ञान, हिंदी की परीक्षाएं दे चुके हैं। 6 अप्रैल शनिवार को 6वीं, 7वीं, 8वीं के क्रमशः विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी का पेपर होगा। 8 अप्रैल सोमवार को 6वीं, 7वीं, 8वीं के गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान का पेपर दिलाने के साथ ही मिडिल स्कूल में वार्षिक परीक्षा का समापन होगा। सिर्री के मिडिल स्कूल में परीक्षा के समय प्रभारी प्रधानपाठक विनय कुमार साहू, शिक्षक गिरवर लाल साहू, पुरषोत्तम साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे। परीक्षा में निरीक्षण के लिए शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य सरोज साहू मौजूद रहे।

# सामाजिक पदाधिकारियों ने किया भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत माता कर्मा जयंती पर अपने क्षेत्रीय जनसंपर्क अभियान के तहत कुरुद पहुंची महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने साहू समाज के पदाधिकारियों से भेंट की। साहू समाज ने उनका स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान श्रीमती चौधरी ने जातिवाद छोड़ राष्ट्रवाद पर उन्हें समर्थन देने व भारत को विश्वगुरु बनाने में योगदान देने की अपील की।

इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष मालकराम साहू, भाजपा नेत्री ज्योति भानु चंद्राकर, नपं कुरुद सभापति मनीष साहू, तहसील साहू समाज भखारा अध्यक्ष कामता साहू, पूर्व अध्यक्ष कुरुद राधेश्याम साहू, गणेश साहू, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू, जिप सदस्य दमयंतीन साहू, प्रदेश साहू संघ सदस्य चितरंजन साहू, नन्दकुमार साहू, तोरण साहू, कुलदीप साहू, रिखीराम साहू, भोलाराम साहू, कार्तिक साहू, हरिनारायण साहू, तरुण साहू, नेतराम साहू उपस्थित थे।

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 धमतरी जिला धमतरी**

**(न्यायालय में उपस्थित के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 (1) (क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत)**

प्रो.क्र. 204/24
व्या.वाद क्रमांक 37अ/2024
पेशी तारीख 26.04.2024

आकाश चन्द्राकर .......... वादीगण
बनाम
आम जनता वगैरह .......... प्रतिवादीगण

प्रति,

वादीगण क्रमांक आकाश चन्द्राकर व चन्द्रशेखर चन्द्राकर ने ललिता बाई पति स्व. रामबगस चन्द्राकर के नाम पर ग्राम उड़ेना, प.ह.नं. 13. तह व जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर क्रमशः 240/2, 242, 246/1 रकबा क्रमशः 0.34 हे. 0.15 हे., 0.44 हे, कुल रकबा 0.93 हे. को लेकर ललिता बाई द्वारा निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 24.02.2021 के आधार पर स्वत्व घोषणा का वाद इस न्यायालय में संस्थित किया गया है।

आप आम जनता एवं जो भी कोई वाद कृषि भूमि में कोई हित रखता हो इस न्यायालय में दिनांक 26/04/2024 को ठीक समय 11.00 बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए समंस/नोटिस जारी किया जाता है, आप स्वयं अथवा किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित होवे, जिसे तत्संबंध में आदेश दिये गये हो और इस वाद में संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें।

अतः आप आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आप वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की अगली सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि पेशी तारीख में अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**चेतना ठाकुर**
**न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक धमतरी (छ.ग.)**

### 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं को सूची में नाम जुड़वाने किया प्रेरित

# मनरेगा कार्यस्थल पर ग्रामीणों को दिलाई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को हितेश सिन्हा प्रोग्रामर जिला पंचायत धमतरी एवं श्रीमती कुंती देवांगन कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद ने ग्राम पंचायत भैंसबोड़ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर मजदूरों को शपथ दिलाई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है साथ ही कार्यस्थल में उपस्थित श्रमिकों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने सहित मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया किया गया। वहीं 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने भैंसबोड़ में मनरेगा के तहत चल रहे समस्त कार्यों का भी निरीक्षण किया। कार्य के दौरान मनरेगा के जॉब कार्डधारी मजदूरों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी ने निरक्षर मजदूरों को साक्षर होने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्रीमती मिनेश्वरी साहू सरपंच भैंसबोड़,दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि, श्रीमती अनुराग ध्रुव तकनीकी सहायक, डाकेश साहू रोजगार सहायक, सीमा ध्रुवंशी पंच, चमेली बाई पंच, कृष्ण कुमार,रवि कुमार, नरेशु, चमेली, प्रमिला, खोमेश्वरी, मेट गायत्री, भानुप्रताप, अनंत लाल, परमानंद, मदन राम, धर्मेंद्र कुमार, शत्रुहन धीवर, आरती राम, गोवर्धन, चैनसिंग, गंगू ढीमर, सेवक, लोकनाथ, शत्रुहन, हरीश साहू सहित अन्य मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज परीक्षा में दो छात्रों का चयन



**सांकरा।** शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव (सांकरा) के दो विद्यार्थियों कुलदीप पिता रुखमलाल एवं भाविका पिता गणराज को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में सफलता मिली है। प्रधानपाठक भगवान गौर ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित करते हुए शाला को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक हर महीने 1000 रू. छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर संस्था के दीपचंद साहू, राजेंद्र निषाद, प्रधानपाठिका कंचन साहू,कृष्ण कुमार साहू, संकुल समन्वयक सोनेंद्र ध्रुव एवं निकेश मरकाम, राजेंद्र नेताम सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नवकार महिला मंडल ने स्कूलों को भेंट किए स्टील के ड्रम

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने शासकीय प्राथमिक शाला हटकेशर स्कूल में बच्चों के लिए तीन स्टील के ड्रम एवं गिलास भेंट किए। मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी ने बच्चों को शुद्ध शाकाहार भोजन करने की प्रेरणा दी। बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मंडल की सचिव कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थी।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 24 से वाराणसी में

**धमतरी।** फेडरेशन कप सीनियर फ्री स्टाइल एवं ग्रीकोरोमण, महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश कुश्ती संघ द्वारा वाराणसी उप्र में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा चयन प्रतियोगिता 7 अप्रैल को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर 3 भिलाई दुर्ग में आयोजित की गई है। छग कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू पहलवान, जिला सचिव विजय यादव एवं सदस्य होरीलाल साहू ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक वजन, 2 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। यह तीन श्रेणी में होगी। पुरूष वजन समूह फ्री स्टाइल 37, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97, 125 किलोग्राम, पुरूष वजन ग्रीकोरोमन स्टाइल 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97, 130 किलो ग्राम रहेगा। इसी प्रकार महिला वजन समूह फ्री स्टाइल में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72, 76 किलोग्राम है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आधार कार्ड, परिचय पत्र, वोटर कार्ड, लाइसेंस या पासपोर्ट, छग का निवासी प्रमाणपत्र की मूल प्रति, मार्कशीट की फोटोकापी अनिवार्य है। उम्र 20 या 20 से अधिक होनी चाहिए। 20 से कम होने पर मेडिकल या माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकापी जरूरी है। चयनित प्रतिभागियों को उनके पते पर सूचना दी जाएगी। प्रतियागिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 200 रखा गया है। अधिक जानकारी के लिए संघ के लक्ष्मण साहू पहलवान, विजय यादव व सदस्य होरीलाल साहू से संपर्क कर सकते हैं।

सेंटमेरी स्कूल, मेनोनाईट स्कूल को बनाया गया डाक मतपत्र सुविधा केंद्र

# कलेक्टर ने सुविधा केंद्र में लगाई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा बल, अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से 15 एवं 16 अप्रैल को सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एवं मेनोनाइट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह 19, 20, 21 अप्रैल को विधानसभावार क्रमशः अनुविभाग नगरी, तहसील कार्यालय कुरूद एवं तहसील कार्यालय धमतरी में तथा 23, 24, 25 अप्रैल को तहसील कार्यालय धमतरी (पी-3 से पी-1 तक) डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी नम्रता गांधी ने विधानसभावार मतदान दल का गठन किया है। सेंटमेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में 15 एवं 16 अप्रैल को स्कूल विधानसभा क्षेत्र सिहावा के दल क्रमांक 1 में प्रतिमा साहू, ललित भण्डे, विनय लोधी, अरूणा मिश्रा, टिंकी साहू, जयश्री साहू, कुलदीप वासनिक और फगेश्वर सोनकर की ड्यूटी लगाई गई है। दल क्रमांक 2 में किरणलता साहू, सेवाराम यादव, प्रमोद नेताम, संतोष सोरी, नीता वर्मा, तारकेश्वरी साव, अमन जाचक और अनिल सेन की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा कुरूद के दल क्रमांक 3 में अनीता वैद्य, राकेश रामटेके, एकांत मेश्राम, नीता वर्मा, आशा वर्मा, मोनिका साहू, रजत शिंदे, तिलकराम साहू, दल क्रमांक 4 में ललिता वाहिले, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, श्रद्धा गौतम, नंदा सिंह, खिलेश्वरी सोनवानी, विजेता रक्टाटे और कैलाश साहू की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 5 में रंजना साहू, हीराराम ध्रुव, लुकेश्वर नेताम, मनीषा बोरघरिया, करूणा साव, नेहा यादव, सरोज गुरूपंचायन, प्रवीण वैद्य, मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 6 में वर्षा अग्रवाल, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, बालकृष्ण वर्मा, सरिता कुशवाहा, झामिन बिंझेकर, मीनाक्षी देवांगन, पुष्पेन्द्र सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नगरी में 19, 20, 21 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र सिहावा के दल क्रमांक 1 में सुमन गुप्ता, ललित भाण्डे, विनय लोधी, सेवाराम यादव, प्रमोदकुमार नेताम, संतोष सोरी, कैलाश साहू, तहसील कार्यालय कुरूद में विधानसभा कुरूद के दल क्रमांक 2 में आशा पाण्डेय, राकेश रामटेके, एकंता मेश्राम, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, मोनिका साहू, तिलकराम साहू, तहसील कार्यालय धमतरी में विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 3 में ललिता वाहिले, हीराराम ध्रुव, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, लुकेश्वर नेताम, बालकृष्ण वर्मा, प्रवीण वैद्य की ड्यूटी लगाई गई है।

तहसील कार्यालय धमतरी में 23, 24, 25 अप्रैल को विधानसभा सिहावा के दल क्रमांक 1 में श्रीमती प्रतिमा साहू, ललित भाण्डे, विनय लोधी, सेवाराम यादव, प्रमोद कुमार नेताम, संतोष सोरी, कैलाश साहू, विधानसभा क्षेत्र कुरूद दल क्रमांक 2 में श्रीमती वर्षा अग्रवाल, राकेश रामटेके, एकांत मेश्राम, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, मोनिका साहू, तिलकराम साहू तथा विधानसभा धमतरी दल क्रमांक 3 में श्रीमती रंजना साहू, हीराराम ध्रुव, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, लुकेश्वर नेताम, बालकृष्ण वर्मा और प्रवीण वैद्य की ड्यूटी लगाई गई है।

## निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज से छूटा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज से पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है। बुधवार से पानी छोड़ा गया है। पानी की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी। गंगरेल बांध के इस पानी से तालाब भरे जाएंगे।

गर्मी शुरू होते ही भू-जलस्तर सवा मीटर चला गया है। कई हैंडपंप, मोटर पंप बंद हो गए हैं। पानी की समस्या को देखते हुए निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज के गेट खोल दिए गए हैं। बुधवार को महानदी मुख्य नहर में करीब 3 हजार क्यूसेक पानी के साथ निस्तारी के लिए जावक शुरू की गई। इस पानी से जिले में 225 गांवों के 350 तालाबों को भरा जाएगा। नहर में जलस्तर जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे जल संसाधन विभाग के मैदानी अमले गांवों के तालाबों को भरने के लिए वितरक शाखाओं के गेट खोल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इस निस्तारी पानी से धमतरी जिला समेत बालोद, रायपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा जिले के लोगों को राहत मिलेगी। अकेले धमतरी जिले में 225 गांवों में निस्तारी पानी दिया जाएगा। यहां कुल 350 तालाबों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन विभाग ने अगले 20 दिनों तक निस्तारी पानी देने का निर्णय लिया है।

## मनरेगा श्रमिकों को मतदान के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य चैतराम साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम कोसमर्रा में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। फूलवारी तालाब में 75 मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

श्रमिकों को जागरूक करने के दौरान कहा कि देश के प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बने। मतदाता जितना जागरूक होगा, लोकतंत्र उतना ही संबल होगा। इस अवसर पर संतबाई, सुषमा सोनी, लोकेश्वरी, मनोज अवस्थी, स्वयंसेवक सौरभ, दीपक, रूपाली, लिपिका, साधना, लीना, तिलेश्वरी, योगेश्वरी एवं मनीषा उपस्थित थे।

## कांग्रेस का जनाधार खिसक रहा, लोकसभा चुनाव में भाजपा इतिहास रचेगी : रंजना



- भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की नामांकन रैली में शामिल हुई पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, मंत्री टंकराम वर्मा, वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के साथ पूर्व विधायक रंजना साहू भी उपस्थित रहीं। विदित हो कि श्रीमती रंजना साहू को पार्टी द्वारा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का प्रस्तावक बनाया गया एवं इस चुनाव में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस कहीं भी मैदान में नहीं है। कांग्रेस को प्रत्याशी भी बाहर से लाने पड़ रहा है। हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों को जीतने के लिए कृत संकल्पित है। कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन ब दिन गिरते जा रहा है। ये वही लोग हैं जिन्होंने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कलंकित किया था। आज जनता श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने वालों के साथ खड़ी है। उनके विरोध करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएगी। महासमुंद लोकसभा की जनता रूपकुमारी चौधरी को ऐतिहासिक वोटों से जीतकर महासमुंद लोकसभा में इतिहास बनाने जा रही है।

## मां कर्मा के आशीर्वाद से समाज निरंतर आगे बढ़ रहा : मेवालाल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी तहसील साहू समाज धमतरी द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रुद्री स्थित आमंत्रण हेरिटेज साहू भवन में सुबह 10:30 बजे माता कर्मा के छायाचित्र की पूजा अर्चना, आरती के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। तहसील साहू समाज के संरक्षक मेवालाल साहू ने कहा कि माता कर्मा के आशीर्वाद से समाज निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी साहू ने मां कर्मा की भक्ति की कहानी सुनाई। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिरमेश्वरी साहू ने मां कर्मा भक्ति गीत गाया।

इस अवसर पर टीकाराम साहू, नंदझरूखा साहू, भारत साहू, धनुष साहू, रामआसरा साहू, कृष्णा साहू, मानिक साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामधार साहू, हेमंत साहू, प्रेमप्रकाश साहू, तोरण साहू मीडिया प्रभारी माधवेन्द्र हिरवानी, रीता साहू, दीपेश्वरी साहू, निर्मला साहू सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने नगर के वार्डों में प्रचार और जनसंपर्क किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता ने नेतृत्व में जिला महिला मोर्चा की टीम ने धमतरी के रामपुर, गोकुलपुर, महिमासगर और दानीटोला वार्ड में जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के पक्ष में वोट मांगा। मौके पर महामंत्री मोनिका देवांगन, सरला जैन, बीथिका विश्वास, सुनीता पंजवानी, सुशीला तिवारी, श्याम साहू, सरिता यादव, प्राची सोनी, अनीता सोनकर, गीता शर्मा, ममता सिन्हा, संतोषी साहू, सीमा चौबे, संगीता जगताप, नीतू त्रिवेदी, ईश्वरी पटवा, रेखा साहू, लक्ष्मी यादव, रेणुका तीरवरकर, रमशीला साहू, उषा पाठक, खूबलाल ध्रुव, शिवदत्त उपाध्याय, ईश्वर सोनकर, कीर्तन मीनपाल, पिंकू साहू, कोमल सार्वा, सूरज शर्मा, शुभांक मिश्रा, अभिषेक शर्मा, ननकू महाराज, अजय गर्डिया उपस्थित थे।

## एलएलबी के छात्रों ने दी सिर्री के ग्रामीणों को कानून की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में शासकीय जे. योगानंदम छग महाविद्यालय रायपुर के एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को कानून संबंधी जानकारी दी। ग्रामीणों को सरल के साथ ही पेचीदा मुद्दों पर कार्यवाही हेतु अनेक सुझाव दिए गए। इसके अलावा देश के कानून एवं धाराओं से जुड़ी हुई भ्रांतियों को भी लीगल एड के तहत दूर किया गया।

कानून की सही जानकारी लेने के साथ ही ग्रामीण विभिन्न कानूनी संबंधी दिक्कतों के सुझाव भी लिए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए छात्र-छात्राओं ने उचित कार्यवाही के लिए सही मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं मनीष देवांगन, हर्षचंद्र शर्मा, देवेंद्र घृतलहरे, प्रीति पटेल, रितिका कमाविसदार, इशिका सिंह, कोमल वैष्णव, कविता ध्रुव उपस्थित थे।

## हिंदू संस्कार, संस्कृति के संरक्षण पर जोर

- विहिप के प्रांत संगठन मंत्री के नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रांत के नए संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया पहली बार प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय के साथ धमतरी पहुंचे। जिला मंत्री रामचंद देवांगन, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू और अन्य पदाधिकरियों ने फूलमाला और भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद नगर में बैठक आयोजित की गई। प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया और प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय को जिला मंत्री रामचंद ने जिले में अभी तक की गई गतिविधियों और हिंदुत्व के कार्यों की जानकारी दी। जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने ग्राम पोटियाडीह में यादव परिवार की घर वापसी की जानकारी दी। इन दोनों



नेताओं ने संगठन को मजबूत कर हिन्दू समाज को आगे बढ़ाने और हिन्दू संस्कार, संस्कृति को संरक्षित करने तथा धर्म, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से संघर्ष करने पर मार्गदर्शन दिए।

जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने संगठन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सभी प्रखण्ड से आये हुए पदाधिकारियों की उपस्थिति में धमतरी प्रखंड के नए अध्यक्ष गौरव जैन की घोषणा की गई। मोंटी पाहूजा को सहप्रचार प्रमुख और विजय राजवानी को सहसम्पर्क प्रमुख शहर बनाया गया।

बैठक में जिला सह संयोजक प्रिन्स जैन, नगर कार्याध्यक्ष पीयूष पारख, नगर संयोजक चित्रेश साहू, नगर अध्यक्ष कैलाश बख्तानी, प्रखण्ड मंत्री दिलीप साहू, दीपक साहू रवि कुमार, जिला सेवा प्रमुख मुरलीधर जगत, समरसता प्रमुख तामेश्वर ठाकुर, प्रखण्ड अध्यक्ष सनत साहू, खण्ड अध्यक्ष नेमचंद साहू, घनानंद निषाद, एकनाथ साहू, पुलकित साहू, तोषण साहू समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चिटौद में कबड्डी प्रतियोगिता 6 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में सुनता संगठन समिति एवं शौर्य एकेडमी के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता 6 अप्रैल शनिवार को गांधी चौक में रखी गई है। प्रवेश शुल्क 301 रूपये निर्धारित है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदीप रणसिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच कुमारी साहू करेंगी। विशेष अतिथि रमेशप्रसाद जोगी, मोतीराम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, रूपराम नागवंशी, पुरूषोत्म सिन्हा, सुकलाल ध्रुव, ईश्वरी सिन्हा, जितेन्द्र साहू, रामचरण फूटान, प्रकाश ठाकुर होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,001 रूपये, द्वितीय 7001 रूपये, तृतीय 5001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये दिया जायेगा। प्रतियागिता की तैयारी में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नेताम, उपाध्यक्ष हेमांशु यादव, सचिव दुष्यंत निषाद, सहसचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष नागेश निषाद, हुलाष ध्रुव, खूबलाल साहू, नान्हू कोर्राम, रोशन यादव, देवेन्द्र साहू जुटे हैं।

## बगदेही में ग्रामीण साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद ब्लाक अंतर्गत ग्राम बगदेही में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर बाजार चौक स्थित साहू समाज भवन में भक्त मां कर्मा और जगन्नाथ स्वामी की आरती की गई।

तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली गई। स्वजातीयजनों ने बाजे-गाजे के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। इस जुलूस का घर-घर स्वागत किया गया। भक्त मां कर्मा और भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। रात्रि में गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार बेलमान जिला बालोद का कार्यक्रम हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष कविता बाबर ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने महासमुंद, राजिम व कुरुद में ली बैठक

# मई में होगा मराठा समाज का प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा मई माह में धमतरी में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय महिला सम्मेलन के आयोजन के संदर्भ में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कविता बाबर ने महासमुंद, राजिम व कुरुद में प्रदेशकार्यकारिणी के सदस्यों व ज़िला अध्यक्षों के संग बैठक कर सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की रूपरेखा रणनीति तैयार की गई।

सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिसमे प्रत्येक ज़िले से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करना तथा हर जिले से दो महिलाओं का नाम मंगाया जायेगा जिन्होंने सामाजिक, राजनीतिक या शिक्षा, खेलकूद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो ऐसे सदस्यों को सम्मेलन में सम्मानित किया जायेगा। बैठक में महासमुंद से जिला मराठा समाज अध्यक्ष राजेन्द्र राव घाड़गे, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता पवार, संरक्षिका वंदना थिटे, जिला सचिव रामेश्वरी घाड़गे, पारुल पवार तथा राजिम से मीता महाड़िक सोनल महाड़िक, गंगोत्री पालकर, शोभा शिंदे, शैलजा शिंदे, शैल चौहान, नलिनी महाड़िक, अंजलि शिंदे, प्रीति मोरे तथा कुरुद से नलिनी कृदत्त, वनिता मगर तथा नीता रणसिंह अध्यक्ष जीजा माता महिला मंडल धमतरी, राजश्री रणसिंह महासचिव छग मराठा समाज मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नागदेव मंदिर में मनोकामना ज्योति जलेगी 9 को

**धमतरी।** हटकेशर स्थित नागदेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर सर्व मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। मंदिर के पुरोहित नारायण कौशिक ने बताया कि 9 अप्रैल को घटस्थापना शाम 6 बजे की जाएगी। 13 अप्रैल को महापंचमी तथा 16 अप्रैल को महा अष्टमी का कार्यक्रम होगा। ज्योति राशि का पंजीयन शुल्क 951 रुपये रखा गया है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय के पास धमतरी में आयोजित है। बैठक में नए सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। संघ सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णा राम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराम पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने किया है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### सी विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों कर ऑनलाईन रिपोर्टिंग हेतु आम नागरिकों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने बताया कि सी-विजिल एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकते हैं। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज जा सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर घटना की फोटो, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

### सुपेला स्कूल में 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**अंवरी।** महाश्वेता माध्यमिक शाला सुपेला में कक्षा 8 वीं के विद्यार्थी के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक हितेन्द्र कुमार साहू, राजेश दुबे शिक्षक, शिक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार, कुलेश्वरी साहू, डिलेश्वरी विश्वकर्मा, चित्ररेखा साहू, तृप्ति सिन्हा समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

घर-आंगन में रंगोली बनाकर शाम को 5 दीप जलाये गये, घड़ी चौक में हुई महाआरती

# घर-घर हुई संत शिरोमणि मां कर्मा की पूजा, लगाया खिचड़ी का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती पर शुक्रवार को साहू समाज के सदस्यों ने वार्डों एवं मोहल्लों में एकत्रित होकर संत माता कर्मा की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। आरती उतारकर प्रसादी का वितरण किया। प्रदेश साहू संगठन के निर्देश पर पूरे जिले में 5 अप्रैल शुक्रवार को सभी स्वजनों ने एक साथ एक ही दिन पूजा- अर्चना की। गांवों में शोभायात्रा निकाली गई। शहर के वार्ड स्तर पर पूजा हुई। सोरिद, जोधापुर, हटकेशर, परिक्षेत्रीय के सहयोग से शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शाम को सर्वसमाज की उपस्थिति में घड़ी चौक के पास महा आरती की गई। साहू समाज के प्रदेश महामंत्री, दयाराम साहू, जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, सचिव लीलाराम साहू ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर साहू समाज ने 5 अप्रैल को एक ही दिन मां कर्मा की जयंती मनाई गई। ग्रामीण स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर सभी स्वजातीय बंधुओं ने महाआरती का गायन किया। घरों की साफ-सफाई कर आंगन में रंगोली बनाकर संध्या को पांच दीपक जलाया गया। इसके अलावा मां कर्मा के उद्देश्यों,



संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर साहू समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि मां कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी सेवा करना ही सही मायने में सच्ची सेवा है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करें।

शहर के गोकुलपुर वार्ड स्थित मां कर्मा मंदिर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह अभिषेक पश्चात महाआरती की गई। माता को खिचड़ी का भोग लगाया गया। दोपहर को प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को समाजजनों की उपस्थिति में आरती की गई।



इस अवसर पर यशवंत साहू, लीलाराम साहू, रोहित साहू, नीलमणि साहू, तोरण साहू, केकती साहू, गणेश राम, विजय साहू, विजयगौतम साहू, चंद्रभागा साहू, चंद्रकला साहू, भगवती साहू, देहुति साहू, निर्मला साहू, पूर्णिमा साहू, मंजूषा साहू, पवन गजपाल, भागवत साहू, सेवक साहू, राजेंद्र साहू, विरेंद्र साहू, उपेंद्र साहू, डीपेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, डा. भूपेंद्र साहू, डा.रामकुमार साहू, रामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं मां कर्मा : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संत शिरोमणि भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा की 1008वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ पूरे क्षेत्र में मनाई गई। नगर के गोकुलपुर वार्ड के कर्मा चौक में सामाजिकजनों द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त मां कर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने पूजा-अर्चना कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण एवं मां कर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस



अवसर पर उन्होंने कहा कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी जिन्होंने समाज के उद्धार के लिए अपने हाथों से भगवान कृष्ण को खिचड़ी खिलाई। आज भी उड़ीसा में विराजमान जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। कर्मा जयंती पर सामजजनों के द्वारा कर्मा चौक में खिचड़ी का प्रसादी वितरित किया गया। कर्मा माता की महाआरती में बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी डॉ. शोभाराम देवांगन को किया नमन

**धमतरी।** नगर के ब्राह्मणपारा वार्ड में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. शोभाराम देवांगन की 40 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड पार्षद राजेश पांडे, त्रिभुवन देवांगन एवं वार्डवासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पार्षद श्री पांडे ने डॉ. शोभाराम देवांगन के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान ऋषभ देवांगन, जगदीश देवांगन, गौरीशंकर देवांगन, गिरधारी देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, गौतम देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, कुशल देवांगन, रत्ना देवांगन, रेखा देवांगन, मंथरा देवांगन, विद्या देवांगन, कौशल्या देवांगन, देवधर देवांगन, अरुण देवांगन, हुकुम देवांगन सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## कर्मा जयंती पर प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम लिमतरा में भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त तथा तेली वंश की आराध्य देवी संत माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्राम भ्रमण, पूजा पाठ के बाद अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। इस बीच ग्रामीण स्तर पर बोर्ड परीक्षा में क्रमशः प्रथम, दिवसीय तथा तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि, सम्मान पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। 12वीं में चंद्रिका, रागिनी और पायल व 10वीं में काजल, वेदिका, दुर्गा और पुष्पाजंलि अव्वल रही। इस अवसर पर श्रीमती फगेश्वरी साहू, कार्तिक साहू, ओमप्रकाश, इंदलराम, टीकाराम, कुंदन, खिलेंद्र, कोमल परस, घनश्याम, चंद्रहास, ईश्वरी साहू, मीना साहू, अमरदास, भुनेश्वरी, जितेंद्री साहू, हरिकिशन साहू, फगेश्वरी, चेमनलाल, देवकुमार, राम-लखन, सहदेव, आशाराम, संतोष समेत अन्य मौजूद थे। सभी लोगों को मां कर्मा का भोजन प्रसादी वितरित किया गया। यह जानकारी शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने दी है।

# 19 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अवैध शराब बिक्री करने के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगरी व मगरलोड की पुलिस ने तीन आरोपियों को अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते पकड़ा है। पुलिस के अनुसार नगरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरडुला में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गांव में कृपाराम मरकाम पिता मंगलराम उम्र 37 वर्ष को अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 800 रूपये व बिक्री रकम 200 रूपये जब्त की गई है। इसी तरह मगरलोड पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कमईपुर निवासी सहानूराम गोंड़ पिता लक्ष्मण उम्र 45 वर्ष को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 1600 रूपये बरामद की गई। वहीं महादेव गोंड़ उम्र 41 वर्ष कमईपुर निवासी को 7 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों मामले में कुल 19 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।




नगरी व मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई

# ईद पर सजा रंग-बिरंगी सेवइयों का बाजार

- शुद्ध घी से तैयार सेवईयों की कीमत 100 से 400 रूपये प्रतिकिलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष ईद 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई। शहर की दुकानों में हैदराबादी, इलाहाबादी सहित विभिन्न शहरों की सेवईयों व फेनी का बाजार सज गया है। ईद को खुशनुमा बनाने रोजेदार सेवईयां खरीदना शुरू कर दिए हैं। चमेली चौक के पास दुकान में सेवईयां बेच रहे मोहम्मद असलम निर्वाण ने बताया कि उनके पास टाटा, बनारसी, इलाहाबादी, हैदराबादी, कलकत्ता आदि शहरों की मीठी सेवईयां उपलब्ध है जिसकी कीमत 100 रूपये से लेकर 400 रूपये हैं। सभी सेवईयां शुद्ध घी से तैयार होती है इसलिए यह मार्केट में महंगी मिलती है। सेवईयों में डालने के लिए ड्राइफूट



भी उनके पास उपलब्ध है। छुआरा, काजू, किशमिश, बादाम आदि की मांग सबसे ज्यादा है।

विदित हो कि रमजान का एक महीना पूरा होने के बाद ईद मनाई जाती है। इस ईद को मीठी ईद के नाम से जानते हैं, जिसमें मीठी सेवईयां एक-दूसर के घर दी जाती है और ईद की शुभकामनाएं देते हैं। ऐसे में शहर के सदर बाजार में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। सदर बाजार में दर्जनों सेवईयों की दुकान सजी हुई है जहां रोजेदार खरीदारी कर रहे हैं। मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी झालर लाइट लोगों में उत्साह बढ़ा रही है। सेवईयों की दुकान लगाने वाले दुकानदार मो. शाहिद निर्वाण, मो. सज्जाक भाई, जहांगीर खान आदि ने बताया कि सेवईयों की दुकानें पिछले साल के मुकाबले खूब सजी हैं जहां अलग-अलग तरह की सेवईयों की वैरायटी देखने को मिल जाएगी। इसके अलावा विभिन्न फ्लेवर में इत्र भी खूब बिक रहे हैं। ईद के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक और बढ़ेगी।

# आरएसएस ने मनाया होली मिलन समारोह







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विगत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का होली मिलन समारोह स्थानीय कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय के पास हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर थे। अध्यक्षता डॉ राजेश सूर्यवंशी नेत्र रोग विशेषज्ञ ने की। कार्यक्रम में नगर के स्वयंसेवकों ने व्यक्तिगत गीत, सामूहिक गीत, कविता, जोक्स प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डा. राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर में हुई तभी मैं शाखा से जुड़ा और इतने वर्षों बाद अचानक संघ के कार्यक्रम की अध्यक्षता करने का मौका मिला। यह मेरे लिए खुशी का क्षण है। मुख्य वक्ता धनेश्वर निर्मलकर ने कहा कि स्वयंसेवक होली के त्यौहार से प्रेरणा लेकर सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम, संस्कृति, धर्म एवं राष्ट्र कार्य में जुट जायें।

# शीतला माता मंदिर में जोत पंजीयन आरंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर की ग्राम्यदेवी माता शीतला मंदिर महिमा सागर वार्ड में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है। मनोकामना पूर्ति हेतु जोत पंजीयन भी प्रारंभ हो गया है। श्रद्धालु 9 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 1 बजे तक बुकिंग करवा सकते हैं। घी के लिए 1601 एवं तेल जोत के लिए 1001 रूपए सहयोग राशि रखी गई है।

मंदिर के पुजारी जनक महाराज ने बताया कि 9 अप्रैल मंगलवार को गोधूलि बेला में शाम 7 बजे जोत प्रज्वलन किया जाएगा। 13 अप्रैल को शाम 6 बजे पंचमी पूजा होगी। 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 1. 23 तक हवन पूजन पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज होगा।

### हर कष्ट से गांव को दूर रखती हैं मां शीतला

उन्होंने माता शीतला की महिमा बताते हुए कहा कि माता शीतला स्वच्छता की देवी है। हर तरह के रोगों को गांव से दूर रखती है। कहीं भी नया गांव बसाने से पहले माता शीतला के मंदिर की स्थापना की जाती है ताकि गांव में किसी तरह का रोग व बीमारी न फैले। खसरा, छोटी माता, सेंदरी माता से पीड़ित व्यक्ति के परिजनों द्वारा सोमवार एवं गुरुवार को कच्ची हल्दी, भीगा हुआ चना, दाल, दही, स्वच्छ जल और नीम की पत्ती माता को अर्पण करके बचे हुए जल से पीड़ित व्यक्ति को स्नान कराने से उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

### पंचमी को धीवर समाज निकालेगा चुनरी शोभायात्रा

मंदिर समिति के महासंरक्षक परमेश्वर फुटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने बताया कि इस वर्ष भी नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पूरे 9 दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पंचमी के दिन समाज के परिजनों द्वारा घड़ी चौक से शोभायात्रा निकालकर मां बम्लेश्वरी, मां विंध्यवासिनी एवं मां शीतला को चुनरी एवं भोग अर्पित कर नगर वासियों की सुख समृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना की जाती है।

### निखिल का नवोदय विद्यालय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला मेघा के छात्र निखिल कुमार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। छात्र का स्कूल एवं संकुल स्तर पर सम्मान किया गया। संकुल प्राचार्य एसके साहू, संकुल समन्वयक हलधर साहू, माध्यमिक शाला प्रधानपाठक युवराज साहू, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक मूलचंद साहू, भावना चावड़ा, जयंत साहू, अवध राम साहू, प्रीतम साह, अमित कुमार कंवर, दिलीप साहू, किरण साहू, टुकेश्वरी साहू, कीर्ति लता साहू, विद्या साहू, देवनारायण निषाद, गणेश राम साहू, भुनेश्वर साहू, चंद्रशेखर साहू, रोमन लाल निर्मलकर, छबिला साहू, इंद्रावती सोनी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष गोपेश्वरी साहू ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





# महंत के बयान पर बवाल, नुक्कड़ सभा कर भाजपाइयों ने जताया विरोध

- गालियां देना कांग्रेसियों का पुराना इतिहास रहा : बैस
- खुद को गांधीवादी कहने वाली कांग्रेस अहिंसा का पिंडदान कर चुकी है : दुबे
- छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान : यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के विवादित बयान से छत्तीसगढ़ की राजनीति फिर गरमा गई है। बयान के विरोध में आयोग से शिकायत और भाजपा ने पोस्टर लांच किया मैं मोदी का परिवार, पहले मुझे लाठी मार, के बाद भाजपाइयों ने आमदी के बाजार चौक में नुक्कड़ सभा की। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के





खिलाफ विवादास्पद बयान पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपमानित करने का, उन्हें गालियां देने का कांग्रेस का पुराना इतिहास है। इतिहास इस बात का भी गवाह है कि कांग्रेस ने जितनी गालियां पीएम मोदी को दी है, जनता ने उसे गहना बनाया है। कांग्रेस को सबक सिखाया है। जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने कहा कि महंत ने सामूहिक रूप से हिंसा फैलाने के लिए प्रेरित किया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की विचारधारा को कांग्रेस ने छोड़ दिया है। देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरीके का बयान अशोभनीय है। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला ने डॉ. चरणदास महंत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए विवादास्पद बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पहले भी प्रधानमंत्री को अनेक तरह से गाली दी गई है जिसका खमियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा। मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने चरणदास महंत के विवाद पर कहा कि पृथ्वी के 7 महाद्वीप, 193 देश, 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय फोरम भारत के जिस प्रधानमंत्री को विश्व का शिखर राजनेता मानते हैं। छत्तीसगढ़ की धरती से उनका सिर फोड़ने को प्रोत्साहित करना निकृष्ट मानसिकता का परिचायक है। छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, डेनिश चंद्रकार, प्रकाश गोलछा, हेमन्त माला, तेजराम साहू, नीलकंठ साहू, अखिलेश सोनकर, कोमल यादव, मिथिलेश सिन्हा, उमानंद कुंभकार, प्रेमशंकर साहू, कैलाश सोनकर, कीर्तन मीनपाल, युवराज मरकाम, गोविंदा ढिल्लो, विशाल त्रिवेदी, सुभाष चंद्रकार, दौलत वाधवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।





